ब्राह्मण समाज के खिलाफ टिप्पणी करने वाले वर्मा के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन

बड़नगर। सर्व ब्राह्मण समाज के सभी वरिष्ठ जनों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी धीरेंद्र पाराशर को ज्ञापन के माध्यम से ब्राह्मण समाज को लेकर आई.ए.एस अधिकारी वर्मा द्वारा की गई टिप्पणी से पूरा ब्राह्मण समाज आहत है। उक्त टिप्पणी को बिलकुल भी उचित नहीं माना जा सकता। क्योंकि, किसी भी जाति व समाज की बैटियों पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले की हम निंदा करते हैं। टिप्पणी करने वाले राज्य सेवा के होकर आई.ए.एस संवर्ग में हैं और सचिव स्तर के अधिकारी के स्तर से आरक्षण के संबंध में की गई टिप्पणी पूरी तरह से असभ्य एवं अनुचित है। बेटियां किसी भी समाज की हो उन पर जरा भी असभ्य अपमान जनक टिप्पणी ब्राह्मण समाज कभी भी स्वीकार नहीं करता है। सरकारी सेवा में रहते हुए सेवा आचरण नियमावली से अधिकारी जो अनुशासन से बंधे हुए हैं। ऐसे में उनके द्वारा किसी भी मंच पर कोई भी टिप्पणी करना भृर्त्सना है। हम ब्राह्मण समाज इस ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से उक्त टिप्पणी करने वाले अधिकारी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की मांग करते हैं। कार्रवाई न करने की दशा में ब्राह्मण समाज उग्र आंदोलन करेगा। इस अवसर पर मुकेश पंड्या, प्रेमचंद त्रिवेदी, अरविंद व्यास, सतीश ओझा, पन्नालाल त्रिवेदी, राजेंद्र शर्मा, करण सिंह पंड्या, किरण नाइक, नरेंद्र शर्मा, दशरथ सिंह पंड्या, अनिल शर्मा, अंकित दवे, अजय व्यास, चेतन पांडे, शिवराज पांडे, अजय त्रिवेदी, केदार व्यास, गणेश रावल, सचिन शर्मा, विश्वास पांडे, जगदीश व्यास, विवेक शर्मा, सोनम शर्मा, प्रियांशी जोशी आदि समाजन उपस्थित थे। संचालन अध्यक्ष नीलेश शर्मा ने किया और ज्ञापन का वाचन रामनिवास नवहाल ने किया।

ब्राह्मण बेटियों पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

नागदा। ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर आईएएस संतोष वर्मा द्वारा की गई अभद्र, आपत्तिजनक एवं जातिगत विद्वेष फैलाने वाली टिप्पणी के विरोध में आज ब्राह्मण समाज नागदा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अनुभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 23 नवम्बर को भोपाल स्थित डॉ. अंबेडकर जयंती मैदान में आयोजित सम्मेलन में संतोष वर्मा ने ब्राह्मण समाज की बेटियों के संबंध में अत्यंत अपमानजनक एवं अशोभनीय वक्तव्य दिया, जो न केवल महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि समाज में जातिगत तनाव एवं वैमनस्य फैलाने वाला गंभीर कृत्य है। ज्ञापन में संतोष वर्मा पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई।

इस अवसर पर संयुक्त रूप से उपस्थित संगठन ब्राह्मण समाज नागदा, राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी, परशुराम सैनिक, करणी सेना, क्षत्रिय महासभा, सवर्ण समाज, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समाजजन, प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

इस दौरान राकेश शर्मा, सुमेर सिंह सिसोदिया, यशपाल सिंह सिसोदिया, भेरू सिंह चौहान राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे। आभार समाज के निलेश मेहता ब्राह्मण समाज एवं परशुराम सेवा युवा वाहिनी की ओर से सभी संगठनों, समाजजन एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जिनकी उपस्थिति ने समाज की एकता, सम्मान और बेटी संरक्षण के संकल्प को दृढ़ किया। जानकारी श्री राष्ट्रीय परशुराम सेवा युवा वाहिनी के जिला संयोजक निलेश मेहता ने दी।

एक नजर में

भारतीय कॉलेज की छात्राओं का उज्जैन स्मार्ट सिटी कार्यालय में शैक्षणिक भ्रमण

उज्जैन। भारतीय कॉलेज की छात्राओं द्वारा उज्जैन स्मार्ट सिटी कार्यालय का शैक्षणिक विजिट किया गया। इस दौरान छात्राओं को स्मार्ट सिटी के तकनीकी, प्रशासनिक तथा नवाचार से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्रदान की गई। विजिट के दौरान नेटवर्क इंजीनियर गौरव वारोड ने ट्रैफिक नियमों, मॉनिटरिंग सिस्टम, चालान प्रक्रिया और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की विस्तृत जानकारी दी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अनिकेत चौहान ने यूएमसी ऐप के उपयोग, सेवाओं और डिजिटल सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। ग्रामीण एवं पर्यावरण अधिकारी राजेंद्र सिंह भाटी तथा टीम प्रमुख अंकित रजक ने स्टार्टअप इकोसिस्टम की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक छोटा उद्योग विकास पाकर बड़े उद्योगों की श्रेणी में आगे बढ़ता है और इसके लिए उपलब्ध सरकारी एवं निजी अवसरों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया। महिला सशक्तिकरण के विषय पर मुस्कान हरभजनका ने प्रभावी रूप से अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं करिश्मा जायसवाल ने संपूर्ण विजिट में सहयोग प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. नीलम महाडिक ने बताया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट आधारित स्टार्टअप की संभावनाओं ने छात्राओं में विशेष उत्साह जगाया है, और संस्थान ने इस दिशा में आगे की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

महिदपुर में मनाया 76 वां संविधान दिवस

महिदपुर। बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति, परिसंघ, भीम आर्मी सहित अनेक संगठनों ने संयुक्त रूप में 76 वें संविधान दिवस को मनाया। सर्वप्रथम संविधान के निर्माता विश्वरत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिसमें जातिवाद देश के लिए किसी आतंकवाद से कम नहीं, यह बात जेके मालवीय ने कही। ज्ञात हो अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा के बयान जो अंतर्जातीय विवाह को बढ़ावा देने वाला था पर कतिपय जातिवादियों ने पूरे प्रदेश में एक नकारात्मक वातावरण बनाने की नाकाम कोशिश की गई थी। बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति अध्यक्ष दिनेश चौहान ने सभी को संविधान दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की और समानता पर विचार रखे। इसी प्रकार उपस्थित सभी ने भारत के संविधान की उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए। जिसमें मुख्य रूप से उपाध्यक्ष विक्रम सोलंकी, भीम आर्मी मीडिया प्रभारी सोनू सिसोदिया, प्रभुलाल परमार, बीएस वर्मा, दिनेश राठी, मो सलीम, दिनेश राठौर प्रमुख थे। जिसमें यशराज परमार, सलोनी परमार, लीलाधर मालवीय सहित अनेक संविधान प्रेमी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन हुआ। आभार समिति सदस्य नरेंद्र परमार ने माना।

2500 कपड़ा बैग नि :शुल्क वितरित

उज्जैन। जितो लेडीज़ विंग उज्जैन द्वारा कालिदास अकादमी मेला परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 'प्लास्टिक फ्री इंडिया' और 'ग्रीन भारत' का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक जितो सदस्याओं सहित लगभग 3000 से ज्यादा नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनिल कालूहेड़ा ने पर्यावरण संरक्षण पर प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि एकल-प्रयोग प्लास्टिक हमारे पर्यावरण, जलस्त्रोतों और जीव-जंतुओं के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य के लिए हमें तुरंत प्लास्टिक पर निर्भरता कम करनी होगी। राजीव पाहवा अध्यक्ष रूपांतरण सामाजिक एवं जन कल्याण संस्था ने सभी नागरिकों से प्राकृतिक विकल्प अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि उपस्थित जनसमूह को 2500 कपड़ा बैग नि :शुल्क वितरित किए गए। जिससे पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहन मिल सके। इस अवसर पर सभी ने विधायक कालूहेड़ा के नेतृत्व में एक वर्ष तक सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ भी ली। जितो लेडीज़ विंग उज्जैन की अध्यक्ष ने बताया कि संगठन आने वाले महीनों में शहर के विभिन्न विद्यालयों व सामाजिक स्थलों पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि प्लास्टिक मुक्त भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। कार्यक्रम के सफल संचालन में विंग की सभी सदस्याओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पं. व्यास, पं. जोशी का औदिच्य ब्राह्मण समाज ने किया सम्मान

उज्जैन। औदिच्य ब्राह्मण समाज के युवा पत्रकार, सिटी चैनल के डॉयरेक्टर समाजसेवी विजय व्यास उज्जैन प्रेस क्लब के सचिव चुने गए। साथ ही समाज के गौरव, औदिच्य बंधु के पूर्व संपादक, प्रसिद्ध व्यंग लेखक मुकेश जोशी को प्रेमचंद सृजन पीठ का निदेशक मनोनीत किये जाने पर औदिच्य ब्राह्मण समाज की ओर से सम्मान किया गया।

समारोह आयोजित कर दोनों समाज बंधुओं का पत्रकारिता एवं काव्य व्यंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उपलब्धि के लिए हीरालाल त्रिवेदी, रमेशचंद्र पंड्या, हरिनारायण शर्मा के आतिथ्य में सम्मान किया गया। इस अवसर पर पंडित विजय व्यास ने कहा कि समाज ने जो सम्मान दिया है उससे मुझे लगा कि मुझे आज बहुत कुछ मिला है। हम बचपन से सुनते आए है कि कुछ कर ऐसा कि समाज में नाम हो, कुछ कर ऐसा कि समाज में नाम हो। तो यह गर्व का पल है जब मैं आज समाज से सम्मानित हो रहा हूं। आज ये जो सम्मान औदीच्य ब्राह्मण समाज द्वारा दिया जा रहा है इससे हमें भविष्य में ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहेगी। पंडित मुकेश जोशी ने कहा कि काव्य और व्यंग के क्षेत्र में कार्य करते हुए आज जो मुकाम हासिल हुआ है उसमें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पूर्ण सहयोग से प्राप्त हुआ है। मैं समाज का ऋणी हूं जो मुझे इतना सम्मान दे रहे है। मैं समाज के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। कार्यक्रम संयोजकद्वय सतीश पटेल एवं शैलेश दुबे ने बताया कि यह सम्मान समारोह अवंतिका संस्कार परिवार द्वारा आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में योगेंद्र पाण्डेय, भगवान शर्मा, पं. प्रबोध पंड्या, दिनेश पंड्या, राकेश शिवनारायण पटेल, सुभाष पंड्या, अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी, राकेश शिवनारायण शर्मा पटेल, भगवान शर्मा, पंडित योगेश व्यास, सुभाष शर्मा, सोहन पंड्या, प्रहलाद उपाध्याय, मितेश पांडे, विशाल त्रिवेदी, अजय आचार्य, रतनलाल रावल, अभिषेक शर्मा, जयेंद्र व्यास आदि ने अतिथियों का बारी बारी से सम्मान किया। इस अवसर पर हीरालाल त्रिवेदी एवं रमेशचंद्र पंड्या ने नव मनोनीत औदिच्यजनों के यशस्वी कार्यकाल की कामना की। त्रिवेदी ने ब्राह्मण विरोधी आईएएस संतोष वर्मा की बर्खास्तगी की मांग की जिसका उपस्थित समाजजनों ने हाथ उठाकर एक स्वर से समर्थन किया।

55 छात्रों ने प्रश्न पूछकर किया शंकाओं का समाधान

उज्जैन। निर्मल कॉलेज, उज्जैन में ग्रुप डिस्कशन (जीडी) और पर्सनल इंटरव्यू (पीआई) में महारत हासिल करने के लिए एक दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कॉर्पोरेट जगत में सफल होने के लिए आवश्यक संचार एवं व्यवहारिक कौशल से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध फाइनेंस ट्रेनर सीए निखिल नैनानी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने 14 वर्षों से अधिक के अनुभव के आधार पर छात्रों को जीडी और पीआई की बारीकियों से अवगत कराया। नैनानी ने प्रभावी संचार कौशल, आत्मविश्वास, बॉडी लैंग्वेज, तर्क क्षमता और टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उनके सरल और व्यावहारिक सुझावों ने छात्रों को बेहद प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक ताशी बाहेती ने किया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर सचिन उपाध्याय, डॉ. शुचि गुप्ता रहे, जिन्होंने पूरी कार्यशाला की योजना और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। लगभग 55 छात्रों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया और करियर से जुड़े महत्वपूर्ण कौशलों को निखारा। अंत में छात्रों ने मुख्य वक्ता से प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान भी किया, जिससे सत्र और अधिक इंटरएक्टिव बन गया। कॉलेज प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे करियर-उन्मुख कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने की बात कही, ताकि छात्रों को रोजगार के अवसरों के लिए बेहतर रूप से तैयार किया जा सके। इस आयोजन में सहायक प्राध्यापक डॉ सुमित सोनी, विपलव कोशल, प्रियांशी कोशल का सहयोग प्राप्त हुआ।

साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

बडनगर। स्थानीय पी जी महाविद्यालय में एक दिवसीय पी.एम. उषा परियोजना के अन्तर्गत साइबर क्राइम जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम उधमिता विकास केन्द्र म.प्र. एवं शासकीय पी जी महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. लक्ष्मण चेलाणी, प्रशासनिक अधिकारी प्रो. सुनील उदीवाल एवं पीएम उषा समिति के प्रभारी एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर अपराध दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। हमें इससे बचने की तरीकों के बारे में जानने की महिती आवश्यकता है। साइबर जागरुकता कार्यक्रम के विषय विशेषज्ञ शोभित चतुर्वेदी द्वारा सभी छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम क्या होता है कैसे लोग करते हैं। और उनसे हम कैसे बच सकते हैं। इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदाय की गई। साइबर अपराधी किस तरह से बालिकाओ को फेक आईडी से मैसेज भेजते हैं। वैद्य वेबसाइट कौन-कौन सी होती है। हम उनको कैसे पहचाने। साथ ही उससे मिलती,जुलती वेबसाइट से सावधानीपूर्वक कैसे बचा जाना चाहिए आज के समय में नित नए साइबर अपराध घटित तो रहे हैं। इसलिए हमें कोई भी अनजान लिंक को ओपन नहीं करना चाहिए। किसी भी फर्जी कॉल को अटेंड करते समय हमें साहस का परिचय देना चाहिए। इसलिए आज युवा अपने शिक्षा के साथ-साथ सायवर सिक्योरिटी के बारे में भी समझे। अपने बैंक खातों को किस तरह हम सुरक्षित रखें आदि के संबंध में विस्तृत रूप से विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी की गई । इस सत्र के दौरान पूछे गये प्रश्नों का सभी छात्र /छात्राओं को भी संतोषजनक उत्तर दिया गया। हमारे साथ साइबर ठगी केसे होती है। तो उसकी शिकायत हम कहां कर सकते हैं आदि की भी जानकारी प्रदाय की गई। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य ही था कि हम साइबर अपराध दिनों से किया से बचें। प्रशिक्षण के उपरान्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदाय किये गये। इस अवसर पर पी. एम. उषा प्रभारी प्रो. मोहित नागर, सॉफ्ट कम्पोनेन्ट प्रभारी डॉ. नेहा डोड़िया, समिति सदस्य किरण मण्ड़लोई, प्रो. कविता मांडरे, प्रो. सुनीता कुमावत, डॉ. शाहीन खान, प्रो. कविता नागर, डॉ. स्मिता गिरगुने, प्रो.आदित्य सिंह ठाकुर, प्रो. मनोहर निगवाल, विद्यार्थीगण व महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय सैड़मेप के कार्यक्रम समन्वयक अश्विनी कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

पति की हत्या करने वाली पत्नी को सजा

उज्जैन। न्यायालय विवेक कुमार चंदेल, अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश जिला उज्जैन के न्यायालय द्वारा आरोपिया द्रोपदी पिता नंदकिशोर चौहान, उम्र- 50 वर्ष, नाकोडा धाम, नागझिरी, जिला उज्जैन को धारा 304 भाग 2 भादवि में 5 वर्ष सश्रम कारावास तथा 5 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि 5 दिसंबर 2023 को रात्रि 3 बजे जिला चिकित्सालय उज्जैन के डयूटी कम्पाउण्डर राजेश यादव ने पंवासा उज्जैन को टेलीफोन पर इस आशय की सूचना दी कि नंदकिशोर पिता मोहनलाल चौहान को घर पर मारपीट में चोट आने के कारण घायल अवस्था में राहुल पिता नंदकिशोर इलाज के लिए अस्पताल लेकर आया था। जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। मृतक के शव को मच्यूरी रूम में रखवा दिया गया है। इस सूचना पर आरकेन्द्र पंवासा द्वारा मर्ग क्रमांक 58/2023 धारा 174 जा.फौ. कायम किया गया। आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेंद्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन हेतु मागदर्शन प्रदान किया। प्रकरण में महत्वपूर्ण साक्ष्य डीएनए एवं आवाज नमूना के आधार पर आरोपिया को दोषसिद्धि हुई। अभियोजन पैरवीकर्ता भारत सिंह कनेल, विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपिया द्रोपदी को न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

शिक्षाविद वकीला खुर्शीद अली की पांचवीं पुण्यतिथि पर किया प्रतिभा सम्मान

उज्जैन। शिक्षाविद वकीला खुर्शीद अली की पांचवीं पुण्यतिथि पर महाकाल मार्ग आश्रम में पौधारोपण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि अपंग आश्रम में शिक्षाविद वकीला खुर्शीद अली की स्मृति में आश्रम वासीयो को दूध, ब्रेड का वितरण किया गया एवं श्रीमती अली की स्मृति में पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी शाकिर शेख ने श्रीमती अली का स्मरण करते हुए कहा आपका पूरा जीवन शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए समर्पित रहा। आपके योगदान को हम कभी भुला नहीं पाएंगे। विशेष अतिथि नासिर मंसूरी, टाइगर अकादमी के डायरेक्टर सैयद जमीर अब्बास ने अली का स्मरण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। इस वर्ष का वकीला खुर्शीद अली एक्सीलेंस अवॉर्ड कूडो खिलाड़ी ब्लैक बेल्ट विजेता संजय जोगी एवं सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सैयद रिजवान रईस उलहसन जागीरदार को प्रदान किया गया। अध्यक्षता समाजसेवी विनीत सोल्पंखी ने दोनों शख्सियत को सम्मानित होने पर बधाई देते हुए कहा आप आगे भी अपना सर्वोच्च योगदान देते रहे। जिससे युवाओं को प्रेरणा मिले। संचालन हाजी इकबाल हुसैन ने किया। आभार आश्रम के डायरेक्टर एडवोकेट रामचंद्र सोल्पंखी ने माना।

एक नजर | तालाब से अवैध खनन के मामले में एनजीटी में सुनवाई

कमेटी रिपोर्ट पर याचिककर्ता ने लगाए गंभीर प्रश्नचिन्ह

नागदा। बनबना तालाब, नागदा के संबंध मे लगातार उठाए गए पर्यावरणीय उल्लंघनों और अवैध खुदाई व खनन के मुद्दों पर दायर हुई याचिका क्रमांक 129/2025 के सम्बन्ध में विगत बुधवार को न्यायालय मे आई जॉइंट कमेटी रिपोर्ट पर याचिकाकर्ता विजेंदर मांझी एवं इम्तियाज़ अहमद ने स्थानीय अधिकारियों एवं जांच समिति के विरुद्ध अपने अभिभाषक के माध्यम से गंभीर आपत्तियां दर्ज की हैं और इस रिपोर्ट मे हुए कई खुलासे मीडिया को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी कर प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाया हैं।

याचिकाकर्ता विजेंदर मांझी एवं इम्तियाज़ अहमद ने जांच रिपोर्ट मे आए निम्न तथ्यों को उजागर करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत बनबना तहसील नागदा की अनुमति दिनांक 09.04.2025 के आधार पर पर नागदा नगर पालिका के नगरीय सीमा मे स्थित पाडल्याकलां में आने वाले भूमि सर्वे क्रमांक 1368 पर खनन कर लिया गया। रिपोर्ट में ग्राम पंचायत बनबना के पत्र पर आधार बनाया गया, जबकि बनबना तालाब नगर पालिका नागदा के वार्ड 24 में है। पंचायत का वहां कोई अधिकार ही नहीं यह पूर्ण गैर कानूनी कार्य हैं। खनन विभाग, उज्जैन के समक्ष कॉलोनाईजर रविन्द्र कांठेड़ पिता मनोहरलाल कांठेड़ द्वारा लिखित अपराध स्वीकार किया गया हैं, जिसमें उसने बनबना तालाब से मिट्टी-मुरम निकालने की बात कबूल की है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि 04.11.2025 को जल-सैंपल लिया गया, जबकि न तो याचिकाकर्ता की उपस्थिति में सैंपलिंग हुई, न कोई मेमो, न सील, न तस्वीरें।

> इस मामले मे क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दीपक काले ने ऑफिस मे बैठ के ही झूठी जांच रिपोर्ट बनाकर कोर्ट मे प्रस्तुत कर दी गई। रिपोर्ट के अनुसार तालाब से निकाला गया मुरुम अनंद वाटिका कॉलोनी (क.नं. 1378) में भराव हेतु उपयोग हुआ, जिसका कुल क्षेत्र 3,78,000 वर्गफुट है। औसत 2 मीटर भराव के अनुसार 70,000 घनमीटर से अधिक खनन हुआ, जबकि रिपोर्ट केवल 2,323 घनमीटर दिखाती है। वास्तविक नुकसान का 3ल भी नहीं बताया गया। रिपोर्ट में दो घटनाओं में कुल 2,323 घनमीटर अवैध खनन बताया गया है। जिसमे पहली बार 08.02.2025 को 2,023 घनमीटर तथा दूसरी बार 18.05.2025 को 300 घनमीटर को खनन होना बताया गया। इस मामले मे खनन विभाग ने जुर्माना भी लगाया जाना बताया जिसमे 30,36,580 का लोकेश तथा ?4,50,000 का रविन्द्र कांठेड़ पर कुल 34,86,580 जुर्माना लगाना जांच रिपोर्ट मे बताया हैं। रिपोर्ट मे रोचक तथ्य यह भी सामने आया हैं कि खनन विभाग द्वारा मिट्टी/मुरम की जब्ती की गई हैं। जिसमें 08.02.2025 को जब्त- 2,023 घनमीटर तथा दिनांक 18.05.2025 को जब्त- 300 घनमीटर बताया गया हैं। लेकिन यह जब्त की गई मिट्टी कहाँ ले जाई गई, कहाँ डंप की गई, किस जगह सुरक्षित रखी गई ? इसका कोई रिकॉर्ड खनन विभाग या संयुक्त समिति ने नहीं दिया। खनन विभाग ने सिर्फ जब्ती मेमो बनाया, पर यह नहीं बताया कि जब्त की गई मिट्टी को कहाँ रखा गया, कहाँ जमा की गई, किसने संभाली, उसका प्रोसेस क्या था, और सुरक्षित स्थान कहाँ था। क्योंकि लगभग 200 डम्पर मिट्टी आखिर कहा हैं ? विजेंदर मांझी एवं इम्तियाज़ अहमद ने बताया हैं कि उक्त मामले मे अभिभाषक के माध्यम से कॉलोनी मे हुए लगभग 70,000 घनमीटर के आधार पर कम से कम एक करोड़ रुपये की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति निर्धारित करने, अवैध खनन से जब्त हुई मिट्टी/मुरम के रिकार्ड प्रस्तुत करने, झूठी पानी सैपलिंग रिपोर्ट देने वाले प्रदूषण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक काले तथा अपराध का स्वीकारनामा करने के संबंध मे बीएनएस 2023 की धारा 303/2 ठाठ 326 एवं अन्य धाराओ मे प्रकरण दर्ज करवाने की मांग न्यायालय मे अपने अभिभाषक के माध्यम से उठाई हैं तथा पृथक से भी कार्यवाही कर रहे हैं।